मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 15, मुंबई, शुक्रवार, 1 मार्च, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

# इंटेल इंडिया के पूर्व चीफ अवतार सैनी की सड़क हादसे में मौत

## साइकिल चलाते समय कैब ने उड़ाया



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** इंटेल इंडिया के पूर्व चीफ अवतार सैनी की मुंबई के करीब सड़क हादसे में मौत हो गई। 68 वर्षीय सैनी सुबह-सुबह अपने कुछ साथियों के साथ नवी मुंबई के पाम बीच रोड पर साइकिल चला रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। एक तेज रफ्तार टैक्सी (कैब) ने सैनी की साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 5.50 बजे नवी मुंबई के नेरुल में पाम बीच रोड पर एक टैक्सी ने अवतार सैनी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जानेमाने चिप डिजाइनर सैनी की मौके पर ही मौत हो गई। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# '....भोजन करने घर पधारें'

# शरद पवार की सियासी गुगली

## शिंदे-फडणवीस और भतीजे अजित को भेजा न्योता

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार 2 मार्च को बारामती का दौरा करेंगे। बारामती में नमो रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि एनसीपी संस्थापक शरद पवार ने उन्हें अपने 'गोविंदबाग' आवास पर भोजन के लिए आमंत्रित किया है। इससे राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह की चर्चाएं छिड़ गई हैं। शरद पवार ने मुख्यमंत्री और दोनों मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर शनिवार को अपने आवास गोविंद बाग में आकर दोपहर का भोजन करने का निमंत्रण दिया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### पहली बार बारामती जा रहे सीएम

बता दें कि जुलाई 2023 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विभाजन के बाद यह अपनी तरह का पहला मेगा-इवेंट है, जिसमें सीएम और दोनों डिप्टी सीएम शामिल होंगे। सीएम बनने के बाद शिंदे पहली बार पवार के गृहनगर बारामती शहर जा रहे है। शरद पवार ने 1972 में विद्या प्रतिष्ठान की स्थापना की थी। वह इस संस्थान के अध्यक्ष हैं, जबकि समिति के सदस्यों में उनके पोते युगेंद्र पवार, बेटी सुप्रिया सुले, भतीजे अजित पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार सहित अन्य शामिल हैं।

# न यूपी न बिहार, ये है महाराष्ट्र!

## 12वीं बोर्ड परीक्षा में सरेआम नकल, कोई दीवार तो कोई पेड़ पर चढ़ा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश और बिहार परीक्षाओं में नकल को लेकर खासा बदनाम है, लेकिन अब महाराष्ट्र से नकलचियों के कुछ ऐसे वीडियो सामने आए हैं जो आपकी इस सोच को बदल देंगे। इन दिनों राज्य में 12वीं यानी एचएससी बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। बोर्ड परीक्षा में धड़ल्ले से छात्रों को नकल करावाने का मामला सामने आया है। बारहवीं बोर्ड परीक्षा में खुलेआम नकल करवाने का वीडियो वायरल हो गया है। यह मामला जालना जिले का बताया जा रहा है, जहां पुलिस सुरक्षा के बावजूद परीक्षा केंद्र पर बाहरी लोग आकर कॉपी करवा रहे है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



# महाराष्ट्र कांग्रेस में बढ़ी रार

## दिल्ली तक पहुंचा मामला!

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में चंद महीने रह गए है। इसके लिए जहां बीजेपी समेत अन्य दल गठबंधन को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे है, वहीं कांग्रेस अंदरूनी कलह से जूझ रही है। खबर है कि महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के खिलाफ फिर से पार्टी के भीतर मोर्चा बनाना शुरू हो गया है। कांग्रेस आलाकमान से शिकायत करने असंतुष्ट नेताओं का एक समूह दिल्ली गया है। लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा अगले पखवाड़े होने की संभावना है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

*कुछ दिन पहले ही कांग्रेस के वफादार माने जाने वाले पूर्व मंत्री और कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बसवराज पाटिल ने पार्टी को अलविदा कह दिया। वह बीजेपी में शामिल हो गए। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी पार्टी से जा चुके हैं*

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### कृत्रिम स्थिरता की चाहत

'एक राष्ट्र-एक चुनाव' योजना की प्रेरक सोच पर गंभीर सवाल हैं। ऐसी ही सोच के तहत दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया था। उससे दल-बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों-विधायकों की स्वतंत्र चेतना पर जरूर ताला लग गया।

खबरों के मुताबिक 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' योजना पर 22वां विधि आयोग अपनी सिफारिशें जल्द ही केंद्र सरकार को सौंप देगा। इस बीच आयोग ने अपनी सिफारिशों की प्रस्तुति पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में बनी उच्चस्तरीय समिति के सामने की है। इसमें दो संविधान संशोधनों की सिफारिश की गई है। कोविंद समिति नरेंद्र मोदी सरकार की इस इच्छा पर सुझाव देने के लिए बनाई गई है कि लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभाओं, और पूरे देश में नगर-निकायों के चुनाव एक साथ संपन्न कराए जाएं। इस बीच विधि आयोग ने जो सुझाव रखे हैं, उसके मुताबिक सभी विधानसभाओं के चुनाव दो किस्तों में इस तरह संपन्न कराए जाएंगे, जिससे 2029 में लोकसभा के साथ-साथ उन सबका चुनाव कराया जा सके। एक दूसरा संशोधन इस योजना को टिकाऊ बनाने के लिए दिया गया है। इसके तहत अगर सदन की मध्यावधि में कोई सरकार गिर जाती है, तो विकल्प के तौर पर विभिन्न दलों की 'एकता सरकार' बनाई जाएगी। अगर यह संभव नहीं हुआ, तो फिर नया चुनाव बची अवधि भर तक के लिए कराया जाएगा, ताकि एक राष्ट्र- एक चुनाव का क्रम बना रहे। इस योजना में यह समझ अंतर्निहित है कि सभी दलों की नीतियां कमोबेश एक जैसी हैं और सारी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा व्यक्तियों की महत्त्वाकांक्षाओं के बीच है। इसलिए यूनिटी गवर्नमेंट सहजता से बन जाएगी। बहरहाल, उससे कहीं ज्यादा गंभीर सवाल इस योजना की प्रेरक सोच पर है। स्पष्टतः यह सोच कृत्रिम राजनीतिक स्थिरता थोपने की है। ठीक ऐसी ही सोच के तहत 1985 में दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया था। इस कानून से दल-बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों-विधायकों के स्वतंत्र राजनीतिक रुख तय करने की प्रवृत्ति पर जरूर ताला लग गया। अब जो सुझाव विधि आयोग ने दिए हैं, उनसे राजनीतिक प्रक्रिया और सरकारों को जवाबदेह बनाए रखने की विधायिका की भूमिका पर वैसा ही अंकुश लग सकता है। आज भारतीय लोकतंत्र की मूलभूत समस्या सत्तासीन लोगों और संस्थाओं की जवाबदेही तय करने की व्यवस्था का कमजोर पड़ते जाना है। अब जो सुझाव दिए गए हैं, उनसे खर्च तो शायद ही बचे, लेकिन जवाबदेही का सिस्टम जरूर और कमजोर हो जाएगा।

# 2 अप्रैल को मुंबई डी सी पी वर्ली पुलिस स्टेशन में योगा शिविर का आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** दिनांक 2 अप्रैल को मुंबई डी सी पी वर्ली पुलिस स्टेशन में योगा शिविर का आयोजन श्री वर्ली पुलिस स्टेशन के के पुलिस वरिष्ठ निरीक्षक श्री रविंद्र काटकर के नेतृत्व में हर शनिवार को योग शिविर रखा जाएगा। योग सिखाने के लिए द ह्यूमन योग फाऊंडेशन वर्ली मुंबई के राष्ट्रीय अध्यक्ष योग गुरु राधेश्याम और उनकी टीम योग सिखाने के लिए इस आने वाले शनिवार को वर्ली पुलिस स्टेशन में योग का कार्यक्रम रखा जाएगा जिसके लिए सभी वरिष्ठ पुलिसकर्मी को सूचित किया जाता है अपने-अपने पुलिस स्टेशन से आठ आठ लोगों को चयन कर के वर्ली



पुलिस स्टेशन हाल में 7:00 बजे सुबह योग सिखाने के लिए कृपया भेजने की तैयारी करें। कई सालों से पुलिस विभाग में योग सिखाने के लिए श्री योग गुरु राधेश्याम को बुलाया जाता है जो आज के दौर में योग के लिए पूरे महाराष्ट्र में सबसे आगे है उनकी संस्था द ह्यूमन योगा फाऊंडेशन वर्ली मुंबई के गिने-चुने योग प्रशिक्षक श्री समीर जायसवाल जो मास्टर मार्शल आर्टिस्ट भी है आकांक्षा योगा टीचर अर्चना योगा टीचर श्रुति योगा टीचर सीनियर योग योगा प्रशिक्षक श्री शाहिद खान यह अपने आप में योग के जबरदस्त ट्रेनर लोग हैं मुंबई पर राज करने वाले श्री योग गुरु राधेश्याम उनके सहयोगी सेलिब्रिटी मार्शल आर्टिस्ट और योग प्रशिक्षक श्री समीर जायसवाल जो अपने आप में योग और मार्शल के महारत हासिल किए हुए हैं योग गुरु राधेश्याम की यह सारे योग प्रशिक्षक शनिवार के दिन आएंगे और पुलिस डिपार्टमेंट के सभी लोगों को योग शिविर का आनंद देने के लिए तैयार है।

# जिलाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी ने अपने अधिकारियों के साथ दोनो लोकसभा का डिस्पैच सेंटर एवं मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

**मुंबई हलचल/जकी अहमद**

**समस्तीपुर।** चुनाव के मद्देनजर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी योगेंद्र सिंह के द्वारा जो कि 23 समस्तीपुर (अनुसूचित जाति) के निवार्ची पदाधिकारी भी हैं, 22 उज्जियारपुर लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता के साथ डिस्पैच सेंटर एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया गया। उजियारपुर लोकसभा का डिस्पैच सेंटर केंद्रीय विद्यालय समस्तीपुर में निर्धारित किया गया है, जबकि समस्तीपुर लोकसभा के लिए समस्तीपुर कॉलेज निर्धारित किया गया है। हालांकि



की दोनो लोकसभा क्षेत्रो की मतगणना समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर में ही होगी। जिला पदाधिकारी के द्वारा दोनों स्थलों पर जाकर डिस्पैच एवं मतगणना केंद्र का मुआयना किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस क्रम में उन्होंने दोनो स्थलों पर मतदान कर्मियों के योगदान एवं मिलान स्थल, डिस्पैच एवं रिसीविंग काउंटर, ईवीएम के कमीशनिंग स्थल, वाहन पार्किंग का स्थल निरीक्षण किया। डिस्पैच के दिन यातायात को सुचारू रूप से रखने का निर्देश हेड क्वार्टर डीएसपी को दिया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, वरीय कोषागार पदाधिकारी रमेश वर्णवाल, अवर निर्वाचन पदाधिकारी कुमुद रंजन, हेड क्वार्टर डीएसपी अमित कुमार एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग उपस्थित थे।

# समस्तीपुर में बिहार पुलिस दिवस के अवसर पर बिहार पुलिस के पांच प्रण की दिलाई गई शपथ

**मुंबई हलचल/जकी अहमद**

**खानपुर।** बिहार पुलिस दिवस पर बिहार के डीजीपी के आदेसानुसार समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के निर्देशानुसार बुधवार को खानपुर थाना परिसर में उपस्थित पुलिस कर्मी को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। थाना अध्यक्ष मोहम्मद फहीम ने कहा कि पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गये निर्देशानुसार यह प्रण जन विश्वास संकल्प हमारा के तहत दिलाई गई है। इसमें शिकायत और एफआईआर दर्ज कर वादी को प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराना, महिला अपराध की सुनाई से लेकर कार्रवाई तक महिला पुलिस पदाधिकारी द्वारा करना, सेवा के लिए महिलाएं डायल करें 112, गांव




मोहल्ला का अपराध सर्वेक्षण करना, सभी संवेदनशील स्थानों का सीसीटीवी से निगरानी करना और सक्रिय अपराधी पर हर समय समय पर निगरानी करना शामिल है। इसके साथ ही टॉप 10 अपराधियों की गिरफ्तारी, हिंसक अपराधों का उदभेदन करना, 75 दिनों में अनुसंधान का निष्पादन करना, 30 दिनों में जांच को पूर्ण करना और वादी को निःशुल्क प्रति उपलब्ध कराना, नागरिक सेवाओं जैसे चरित्र सत्यापन आदि को पूर्ण करना, 20 मिनट में आपातकालीन स्थिति में थाना के हर हिस्से में डायल 112 की सुविधा देना, लापता व्यक्तियों की सूचना पर पुलिस का पहुंच कर त्वरित करवाई, 20 दिनों में न्यायालय से प्राप्त सम्मन और वारंट लाना, जीरो टॉलरेंस पर महिला अपराध को रोकना, रंगदारी के विरुद्ध काम करना, भ्रष्टाचार अधिकारी पद के दुरुपयोग और अनुचित आचरण पर सवाल करना और पुलिस स्टेशन में उचित वर्दी में रहना की शपथ दिलाई गई। मौके पर पुलिस पदाधिकारी और महिला पुलिस के जवान मौजूद थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# रिश्वतखोरी के आरोप में पांच साल की सजा के बाद भी
# 40 हजार की रिश्वत लेते रंगे एएसआई गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**धुले।** जिले के आजादनगर पुलिस स्टेशन के एक एएसआई 70 हजार की रिश्वतखोरी में पकड़े जाने के बाद कोर्ट से पांच साल की सजा मिलने के बाद भी आजादनगर के एएसआई को एक बार फिर रिश्वतखोरी के दलदल में फंसना पड़ा। इस बार फिर रिश्वत निरोधक विभाग की टीम ने उसी रिश्वतखोर एएसआई को 40 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति ने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग से शिकायत की थी कि आजादनगर थाने के एएसआई आरिफ अली सैय्यद 50 हजार रुपए की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता के चचेरे भाई की 22 अगस्त 2021 को आकस्मिक मृत्यु हो गई। मृतक चचेरे भाई ने अपने जीवनकाल में बीमा कंपनी एचडीएफसी एग्रो से 2 करोड़ रुपये की बीमा पॉलिसी ली थी। चचेरे भाई की मृत्यु के बाद,



बीमा एजेंट द्वारा वारिसों के पक्ष में पॉलिसी राशि जमा नहीं करने और एक-दूसरे को धोखा देने के कारण आजादनगर पुलिस में रिश्तेदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। सहायक पुलिस उपनिरीक्षक आरिफ अली सैय्यद मामले की जांच कर रहे थे। इस आवेदन पर कोर्ट में सकारात्मक रिपोर्ट देने के लिए जांच अधिकारी एएसआई आरिफ अली ने तकरादरा से 50 हजार की रिश्वत की मांग की। बीती 27 फरवरी 2024 को शिकायतकर्ता ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। एसीबी ने इस शिकायत का सत्यापन किया और परिवादी आर्य अली के माध्यम से समझौता कर 40 हजार की रिश्वत मांगी। बुधवार 28 फरवरी को गिंदोदिया चौक में छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा के पीछे भाग्यश्री पॉन कॉर्नर के सामने शिकायतकर्ता से यह रकम लेते समय एसीबी की टीम ने एएसआई आरिफ अली को रंगे हाथों पकड़ लिया। उनके खिलाफ आजादनगर पुलिस में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उक्त घटना लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है।वहीं, पुलिस विभाग में भी हड़कंप मचा हुआ है।

# भोपाल के पत्रकार सैयद खालिद कैस को दिल्ली में मिला कबीर कोहिनूर सम्मान-2024

**मुंबई हलचल/सैयद रिजवान अली**

**दिल्ली।** पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर सैयद खालिद कैस सहित देश के पांच पत्रकार प्रतिष्ठित कबीर कोहिनूर सम्मान-2024 से नवाजे गए हैं। सम्मान पाने वाले पत्रकारों में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के पत्रकार डॉक्टर सैयद खालिद कैस, बिहार के दूरदर्शन समाचार, पटना के सहायक समाचार संपादक शोभित सुमन और औरंगाबाद के वरिष्ठ पत्रकार व राष्ट्रीय सहारा (दैनिक) - के ब्यूरो चीफ गणेश प्रसाद, राजस्थान के इकरामुद्दीन और नई दिल्ली के ओमप्रकाश प्रजापति शामिल हैं।पत्रकारों को यह सम्मान मंगलवार को देश की राजधानी नई दिल्ली के 15 जनपथ रोड स्थित अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के भीम सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सदुरू कबीर आश्रम सेवा संस्थान, बड़ी खाटू जायल नागौर (राजस्थान)



द्वारा संत कबीर के 506वें परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। यह सम्मान कल्किधाम के संस्थापक कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, आयोजक संस्था के महंत डॉ. नानक दास जी महाराज, स्वामी संपूर्णानंद सरस्वती, संत कबीर के निर्वाण स्थल मगहर के आचार्य विचार दास जी महाराज, रमैया दास जी महाराज, इंटरनेशनल बेबीलोन यूनिवर्सिटी के मानद कुलपति डॉ. सौरभ पांडेय, नरेंद्र दास जी महाराज, मनींद्र जैन एवं प्रकाश दास जी महाराज उर्फ बड़े बाबा ने प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के संयोजक और राष्ट्र लेखक सम्मान से सम्मानित साहित्यकार डॉ. अभिषेक कुमार एवं जसमीत कौर फलक ने किया। सम्मान समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के साथ ही भामाशाह (दान), समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, संगीतकार- गीतकार, नशा मुक्ति, नेतृत्वकर्ता, भारतीय कला-संस्कृति, लोक नाट्य, गौ सेवा, तकनीक नवाचार, वरिष्ठ कवि-कवयित्री, ज्योतिष शास्त्री, चित्रकारिता, बाल साहित्यकार, उत्कृष्ट शिक्षा सेवा, वरिष्ठ साहित्यकार, राष्ट्र हित में अन्य विशिष्ट सेवा, फिल्म अभिनेता, चिकित्सा सेवा एवं आदिवासी-जनजाति प्रोत्साहन कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले देशभर की सौ असाधारण हस्तियों को भी कबीर कोहिनूर सम्मान प्रदान किया गया।

# भगवान बुद्ध की प्रतिमा हटाए जाने का विरोध

## डीआरएम को सौंपा ज्ञापन : सोनवाने

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**भुसावल।** रेलवे स्टेशन भुसावल के ऊपर बुद्ध विश्व शांतिदूत भगवान बुद्ध की प्रतिमा को विश्व व खानदेश की महिमा के रूप में चित्रित किया गया था। बताया जा रहा है कि जिले के 11 रेलवे स्टेशनों पर होने वाले रेल रोको आंदोलन के संबंध में 1 मार्च को दोपहर 2 बजे भुसावल में विभिन्न 10 संगठनों द्वारा तिरंगे के विरोध में रेल रोको आंदोलन का विरोध प्रदर्शन किया



जाएगा। उपरोक्त विषय के अनुसार तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा को हटाए जाने को लेकर मामला गरमा गया है। जिसको लेकर आज भुसावल डीआरएम ईशा पांडे को अखिल भारतीय संविधान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीआरपी प्रदेश उपाध्यक्ष नगरसेवक जगन सोनवणे, महिला अघाड़ी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा जगन सोनवणे मजदूर सेना के जिला प्रमुख हरीश सुरवाडे एवं भुसावल तहसील अध्यक्ष संघपाल कीर्तिकर आदि ने पूरे राज्य में रेल रोको आंदोलन 5 डिवीजनों में डीआरएम सहित रेल सुरक्षा बल को भी ज्ञापन सौंपा है। कहा गया है कि जल्द से जल्द भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए अन्यथा पूरे राज्य में आंदोलन किया जाएगा।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### '....भोजन करने घर पधारें'

जाहिर तौर पर ये एनसीपी शरदचंद्र पवार के 83 वर्षीय मुखिया की नई सियासी गुगली है। शिंदे-फडणवीस-पवार शनिवार को नमो रोजगार मेले के लिए शरद पवार के गढ़ बारामती का दौरा करेंगे। इसमें हजारों बेरोजगार लोगों को नौकरियां दी जाएंगी। लोकसभा चुनाव से पहले यह सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का बड़ा दांव माना जा रहा है। 2 मार्च को बारामती में नमो रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। बारामती के विद्या प्रतिष्ठान के 12 एकड़ के मैदान में यह रोजगार मेला होगा। जिसमें हजारों युवा आएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। साथ ही इस कार्यक्रम में सांसद सुप्रिया सुले, अमोल कोल्हे और अन्य जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। लेकिन विद्या प्रतिष्ठान के प्रमुख शरद पवार को ही नहीं बुलाया गया। हैरानी की बात यह है कि राज्यसभा सांसद शरद पवार को उनके आवास के पास हो रहे इस आयोजन के लिए न्योता नहीं भेजा गया है। आयोजन स्थल व निमंत्रण पत्र में शरद पवार का नाम गायब है। इस बीच शरद पवार ने मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों को अपने घर पर लंच के लिए बुलाकर चौंका दिया है। ऐसे में अब शिंदे, फडणवीस और भतीजे पवार उनका निमंत्रण स्वीकार करते हैं या नहीं? अब ये देखना अहम होगा।

### न यूपी न बिहार, ये है महाराष्ट्र!

स्कूल के अंदर 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा चल रही थीं, बच्चों को नकल कराने के लिए लोग परीक्षा केंद्र की दीवार और पेड़ पर चढ़कर खिड़की से चिट अंदर फेंका। सरेआम कॉपी कराई गई। जालना के मंठा तालुका के एक कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जहां बाहर से चिट देने के लिए युवाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। एक वीडियो में कोई स्कूल की दीवार पर तो कोई पेड़ पर चढ़कर चिट की कॉपी अंदर दे रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जालना जिले के मंठा स्थित रेणुका विद्यालय और स्वामी विवेकानंद कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर एचएससी बोर्ड परीक्षा में जमकर नकल हुई है। आज बारहवीं का केमिस्ट्री का पेपर था। बताया जा रहा है कि परीक्षा केंद्र पर पुलिस की मौजूदगी के बावजूद बड़े पैमाने पर नकल कराई गई। परीक्षा केंद्र के बाहर कुछ युवक जान जोखिम में डालकर पीछे से दीवार पर चढ़ते नजर आ रहे हैं। तो कुछ लोग पेड़ों पर चढ़कर नकल सामग्री दे रहे हैं। ये सारा गैरकानूनी काम पुलिस के सामने शुरू था। वीडियो में एक पुलिसकर्मी नकल कर रहे युवकों को खदेड़ने की कोशिश भी करता है। हालांकि इसका कोई असर नहीं होता। कुछ समय बाद युवक फिर आ जाते और नकल करवाने लगते।

### महाराष्ट्र कांग्रेस में बढ़ी रार

इससे पहले कई राज्यों में कांग्रेस में बड़े उलटफेर के संकेत मिल रहे हैं। ऐसा ही कुछ हाल महाराष्ट्र में भी है। महत्वपूर्ण पद, जिम्मेदारियां या पार्टी आयोजनों से किनारे हटाये गए असंतुष्ट कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को नागपुर के सिविल लाइंस में एक गुप्त बैठक की है। खबर है कि इस गुप्त बैठक में करीब एक दर्जन पदाधिकारी मौजूद थे। इन नेताओं द्वारा राहुल गांधी, सोनिया गांधी के समक्ष नाना पटोले के खिलाफ आवाज बुलंद करने की संभावना जताई जा रही है। पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया। पार्टी में इस बात पर असंतोष है कि पुराने, वफादार पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बजाय नए लोगों को महत्वपूर्ण पद और जिम्मेदारियां दी जा रही है। कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से लगातार नियुक्तियां की जा रही हैं। लेकिन पुराने निष्ठावान कार्यकर्ताओं को किनारे कर उनके साथ अन्याय करने का आरोप है। जो लोग तीन-चार दशकों से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, उन्हें तवज्जो नहीं दी जा रही। आदर और सम्मान तो दूर की बता है। पिछले कुछ समय में महाराष्ट्र कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। कुछ दिन पहले ही कांग्रेस के वफादार माने जाने वाले पूर्व मंत्री और कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बसवराज पाटिल ने पार्टी को अलविदा कह दिया। वह बीजेपी में शामिल हो गए। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी पार्टी से जा चुके हैं। अशोक चव्हाण भी बीजेपी में शामिल हुए हैं। मिलिंद देवड़ा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना में शामिल हो गए हैं। इन दोनों नेताओं को राज्यसभा से सांसद बनाया गया है। दूसरी ओर, बाबा सिद्दीकी उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में शामिल हो गए है।

### इंटेल इंडिया के पूर्व चीफ अवतार सैनी की सड़क हादसे में मौत

हादसे के बाद टैक्सी चालक ने मौके से फरार होने की कोशिश की। हादसा नेरुल जंक्शन और एनआरआई-सीवुड्स सिग्नल के बीच हुआ। सैनी को तुरंत डीवाई पाटिल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जब टैक्सी ने सैनी की साइकिल को पीछे से टक्कर मारी, तो वह सड़क पर घिसटते गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। साइकिल का फ्रेम टैक्सी के अगले पहियों के नीचे फंस गया। आरोपी ने टक्कर के बाद टैक्सी नहीं रोकी और साइकिल को एक किमी तक घसीटते हुए भागने का प्रयास किया। हालांकि वहां से गुजर रहे कुछ बाइक सवारों ने टैक्सी का पीछा किया और बेलापुर में नवी मुंबई नगर निगम मुख्यालय के पास रुकने के लिए मजबूर किया। एनआरआई कोस्टल पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी कैब चालक हृषिकेश खाड़े पर लापरवाही से गाड़ी चलाने समेत आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया फिरोज शेख का जन्मदिन

## जफर सिद्दीकी ने किया फिरोज शेख का सत्कार



**मुंबई।** बांद्रा विधानसभा मतदार संघ पूर्व विभाग के विधायक जीशान सिद्दीकी जी के कट्टर समर्थक फिरोज शेख के जन्मदिवस पर हार्दिक अभीष्टचिंतन जन्मदिवस के अवसर पर मुंबई के बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने फिरोज शेखको जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी शुभ कामनाएं देने वालों की भीड़ में फिरोज शेख ने सभी का पधारना एवं बधाई स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया। फिरोज शेख मुंबई के बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कार्य सम्राट विधायक जीशान सिद्दीकी के कट्टर समर्थक है बुधवार 28 फरवरी को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए सैकड़ो नागरिक बांद्रा के विधायक जीशान सिद्दीकी के जनसंपर्क कार्यालय में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

इस मौके पर फिरोज शेख ने सभी से मुलाकात की, शुभकामनाएं स्वीकार की और सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। विधायक जीशान सिद्दीकी के खाजगी पिए आजम रिजवी ने जन्मदिन का केक खिलाकर फिरोज शेख को जन्मदिन की बधाई दी ऑल इंडिया कांग्रेस वर्कर्स कमेटी के मुंबई प्रेसिडेंट एवं महाराष्ट्र महासचिव बुलंद दुनिया के संपादक जफर सिद्दीकी ने फिरोज शेख का शॉल और बुके देकर जन्मदिन के मौके पर फिरोज शेख का सम्मान करके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उत्तर मध्य मुंबई के लोकप्रिय समाज सेवक शोएब फरीद खान ने को फोन करके और सोशल मीडिया पर जन्मदिन की बधाई दी. जफर सिद्दीकी के साथ ऑल इंडिया वर्कर्स कांग्रेस कमेटी उत्तर मध्य जिला कांग्रेस अध्यक्ष उस्मान खान उर्फ लाला ने फिरोज शेखको शॉल और बुके देकर सम्मानित किया .इस शुभ अवसर पर आबिद शेख, नईम शेख, जीतू सिंह ठाकुर, सुभाष पतोड़े, युसूफ माडी निलोफर काजी, जाकिर शेख, शबाना शेख, मौजूद रहे। बुधवार 28 फरवरी को सुबह से ही सभी उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए उनके आवास पर मित्रों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। इस मौके पर प्रमुख उपस्थिति में बधाई देने के लिए। जीतेंद्र ठाकुर, सुभाष पटोदे, विधायक के कार्यालय प्रभारी आबिद शेख शामिल थे सलमान शेख, टीनू भाई, यूसुफ माड़ी साहब, खान, नईम शेख, अनवर कुरैशी, नीलोफर काजी, सलमान शेख, शरीफ कादरी, शाकिर कुरैशी, जाकिर शेख, शबाना शेख, अब्दुल गफ्फार, मजहर शेख, अमीर कुरेशी, जावेद सैयद, शाहिद शेख,मसीउल्लाह शेख, नईम भाई, शाकिर कुरेशी, महफूज खान, गुलफाम खान, सोशल मीडिया की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही, शहर के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेल, उद्योग, प्रशासन, पत्रकारिता, सहकारिता, महिला स्वयं सहायता समूहों आदि क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ-साथ मुंबईकर भी फिरोज शेख को जन्मदिन की बधाई दी। मुंबई के हर इलाके किसी ने सोशल मीडिया पर किसी ने फेसबुक इंस्टाग्राम ट्विटर से तो किसी ने मोबाइल फोन पर जन्मदिन की बधाई दी, फिरोज शेख ने सभी से बातचीत कर बधाई स्वीकार की। सोशल मीडिया पर फिरोज शेख को शुभचिंतकों ने भी जन्मदिन की बधाई दी उन सभी का फिरोज शेख ने शुक्रिया व्यक्त किया। फिरोज शेख ने उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने आए सभी शुभचिंतकों और मित्रों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया, उनकी शुभकामनाओं को स्वीकार किया और उनसे बातचीत की।



# पहिए में छिपाकर लाया 26 लाख का गोल्ड

- कस्टम के ज्वॉइंट कमिश्नर एन वरुण कैंडिनया ने घटना की दी जानकारी
- दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट पर कोलंबो से लौटा यात्री पकड़ा
- कस्टम की टीम ने (490 ग्राम) गोल्ड बिस्किट किया बरामद
- ट्रॉली बैग के पहिए में ब्लैक रंग के टेप में बांधकर छिपा रखा था सोना
- गोल्ड बार की कीमत 26 लाख 26 हजार 993 रुपए

## चुरू स्टेशन पर पकड़ा 4 किलो 200 ग्राम सोना

**यह खास**

- कोलकाता से तस्करी करके ला रहे थे दो तस्कर
- डायरेक्ट रेट ऑफ रेवन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने किया बड़ा ऑपरेशन



- कोलकाता से बीकानेर जाने वाली सियालदाह एक्सप्रेस ट्रेन में कार्रवाई की
- बिस्किट की फॉर्म में था सोना, दोनों आरोपियों को कोर्ट ने भेजा जेल

### पश्चिमी देशों को पुतिन की खुली चुनौती

# कहा- 'वो हाल करेंगे जो कभी नहीं हुआ', अमेरिका पर भी जमकर गरजे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



रूस में राष्ट्रपति चुनाव से दो सप्ताह पहले अपने वार्षिक संबोधन में व्लादिमिर पुतिन ने फेडरल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम की आदत दुनिया को भड़काने की है, वह लगातार वैश्विक संघर्ष को बढ़ा रहे हैं। उन्हें नहीं भूलना चाहिए कि हम क्या कर सकते हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने गुरुवार को पश्चिमी देशों को खुली चुनौती दी, पुतिन अमेरिका पर गरजे तो यूरोप को भी नहीं बख्शा। पुतिन ने नाटो की भी जमकर क्लास लगाई।

**अमेरिका का दावा झूठा, वह उकसाता है**

पुतिन ने अमेरिका के उन दावों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि रूस यूरोप पर हमला कर सकता है। पुतिन ने कहा कि अमेरिका देशों को संघर्ष के लिए उकसाता है। यूक्रेन, मिडिल ईस्ट और अन्य क्षेत्रों में उसने ही संघर्ष को बढ़ावा दिया और झूठ बोलकर वह इसे छिपाता है। जिस तरह से रूस द्वारा यूरोप पर हमले की बात कही जा रही है वह साफ बकवास है।

**पश्चिम की आदत दुनिया को भड़काने की**

राष्ट्रपति पुतिन ने फेडरल असेंबली में कहा कि पश्चिम की आदत दुनिया को भड़काने की है, वह लगातार वैश्विक संघर्ष को बढ़ा रहे हैं। पुतिन ने कहा कि रूस के विरोधियों को ये याद रखना चाहिए कि उनके पास लक्ष्य को भेदने के सक्षम हथियार हैं।

### सरकार ने दी गंभीर चेतावनी

# दक्षिण कोरिया में हड़ताल पर 10 हजार डॉक्टर और स्टाफ

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया में 10 हजार से ज्यादा डॉक्टरों और 80 फीसदी प्रशिक्षु स्टॉफ के हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। इससे मरीज बेहाल हो उठे हैं। डॉक्टरों की व्यापक हड़ताल को देखते हुए दक्षिण कोरिया की सरकार ने उनके लिए अब गंभीर चेतावनी जारी कर दी है। सरकार ने दक्षिण कोरिया के हड़ताली डॉक्टरों से साफ कह दिया है कि या तो वह समय सीमा पर हड़ताल से वापस लौट आएं या फिर कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें।



**इसलिए कर रहे विरोध**

डॉक्टरों के काम बंद करने से अस्पतालों में अराजकता फैल गई है। बता दें कि डॉक्टरों ने मेडिकल स्टाफ की कमी और बढ़ती उम्र वाले समाज से निपटने के लिए मेडिकल स्कूल में प्रवेश में तेजी से वृद्धि करने की सरकार की योजना का विरोध किया। योजना से गुणवत्ता को नुकसान पहुंचेगा।

### यात्रा प्रतिबंधों का कर रहे हैं सामना

# कतर से जल्द भारत लौट आएगा 8वां अधिकारी कमांडर पूर्णेंदु तिवारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत सरकार हाल ही में कतर की जेलों में सजा काट रहे अपने 8 नेवी के पूर्व अधिकारियों को रिहा कराने में कामयाब हुई थी। इसमें से 7 अधिकारी तो देश लौट आए हैं, लेकिन एक अधिकारी अभी भी वहां फंसा हुआ है। जिसको 2 सप्ताह से ज्यादा दिन बीत चुके हैं, इसके बावजूद आखिर अधिकारी अबतक भारत नहीं लौट पाया है। जेल से रिहा होने के बाद 12 फरवरी तक 7 अधिकारी भारत लौट आए थे, जबकि पूर्णेंदु तिवारी यात्रा प्रतिबंधों की वजह से अबतक लौट नहीं पाए हैं।



**जल्द भरेंगे उड़ान**

पूर्णेंदु तिवारी को भी कतर सरकार द्वारा रिहाई मिल गई है। जैसे ही उनके ऊपर से यात्रा प्रतिबंधों के मामले साफ होते हैं, वह देश के लिए उड़ान भर लेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि जारी सप्ताह में या अगले सप्ताह की शुरुआत में वह भारत आ सकते हैं।

### पीआर आवेदकों की संख्या घटी

# कनाडा में अभी अच्छे नहीं चल रहे भारतीयों के दिन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत और कनाडा के रिश्तों में कुछ वक्त से तल्खियां देखने को मिली हैं। 2023 में कनाडा की परमानेंट रेजीडेंसी के लिए भारतीयों के आवेदनों की संख्या 62 फीसदी घटी है। भारत से बड़ी तादाद में युवा कनाडा काम करने और पढ़ाई करने जाते हैं। परमानेंट रेजीडेंसी के आवेदन में आई गिरावट की वजह दोनों देशों के बीच बिगड़े रिश्ते हैं।



**तेजी से घटी भारतीय आवेदनों की संख्या**

आईआरसीसी के डेटा के मुताबिक दिसंबर 2023 में परमानेंट रेजीडेंसी के 6,329 आवेदन आएए जबकि 2022 में यह संख्या 16,796 थी। इस गिरावट के पीछे कई और वजह हो सकती हैं, जैसे कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने 18 सितंबर 2023 को हाउस ऑफ कॉमन्स में कहा था कि खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स का हाथ है।

### भारत ने यूएन की मानवाधिकार परिषद में पाक-तुर्की को लताड़ा

# कश्मीर मुद्दे पर दूसरे देश की दखलंदाजी हमें बर्दाश्त नहीं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत ने यूएन में कश्मीर के मुद्दे पर पाक के साथ तुर्की को भी जमकर लताड़ लगाई। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में भारत ने तुर्की को फटकार लगाते हुए कहा कि कश्मीर के मुद्दे पर किसी दूसरे देश की दखलअंजादी बर्दाश्त नहीं है। यह भारत का आंतरिक मामला है। भारत की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा कि यह भारत का आंतरिक मामला है और किसी दूसरे देश को इसमें दखल नहीं देना चाहिए।

**खास बातें**

- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में भारत की दो टूक
- भारत की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने तुर्की के बयान पर किया




**तुर्की ने क्या कहा था?**

बता दें कि संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली में तुर्की ने कहा था कि दक्षिण एशिया में शांति, स्थिरता और विकास के लिए कश्मीर में न्याय के साथ शांति स्थापित होना बेहद जरूरी है। तुर्की के इसी बयान पर भारत ने यूएनएचआरसी में हमला बोला है।

**पाकिस्तान के इरादे ठीक नहीं**

*भारत ने पाक को लताड़ लगाते हुए कहा कि जो देश अपने ही देश के अल्पसंख्यकों के खिलाफ क्रूर व्यवहार करता हो, वह भारत के खिलाफ क्या आरोप लगाएगा। भारत ने कहा कि जो देश आतंकी को पनाह देता हो, जिसका मानवाधिकार रिकॉर्ड वास्तव में बेहद खराब हो, भारत के खिलाफ उसकी टिप्पणी न केवल विडंबनापूर्ण है बल्कि विकृत भी है।*

**जम्मू-कश्मीर अभिन्न अंग**

सिंह ने कहा कि भारत के खिलाफ आरोप लगाकर एक बार फिर इस मंच का दुरुपयोग किया गया। जम्मू और कश्मीर व लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है। जम्मू-कश्मीर में सामाजिक विकास के साथ-साथ आर्थिक विकास भी हो रहे हैं।

### अवैध निर्माण से लाभ अपार बढ़ता जा रहा है भ्रष्टाचार

# कुर्ला एल/विभाग मनपा में भ्रष्टाचार चरम पर

**मुंबई हलचल/अजय उपाध्याय**




**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका के अंतर्गत आने- वाले एल विभाग मनपा का यह क्षेत्र अवैध नवनिर्माणों का गढ़ बन गया है जो की मनपा एल विभाग के प्रशासनिक अधिकारियो की लापरवाही का बोलता सबूत है और दुर्भाग्यपूर्ण भी रही एल विभाग प्रशासनिक अधिकारियो के द्वारा की गयी कारवाई की तो वह बस नोटीस तक ही सीमित रहता है। आगामी कई सालो एल विभाग मनपा मे बहुतेक अधिकारी पाव पसारे बैठे है उनका अन्य विभागो मे क्यो नही किया जा रहा है तबादला जिसकी खबर प्रमुखता से अनेको समाचार पत्र मे प्रकाशित व सामाजिक कार्यकर्ताओ के द्वारा मुख्य नगर अभियंता दिलीप पाटील को अवगत भी कराया गया है जबकी मनपा के 16 प्रभागो मे हर महीने 4 से 5 अवैध नवनिर्माण धडल्ले से किये जाते है जिसकी जानकारी मनपा मे आसीन उच्चाधिकारियो को दी जाती है किंतु कारवाई शुन्य /सन्नाटा...? एल विभाग मनपा के अधिकारी कुर्ला के विकास,व मूलभूत सुविधा को दरकिनार करते हुये है बस धन उगाही का कार्य मे लगे हुये है इनका बस यही कहना है अपना काम बनता भाड़ मे जाये जनता। क्या एल विभाग के प्रसाशनिक अधिकारी सरकार से पगार लेते है की अवैधनिर्माणकर्ताओ व भूमाफियाओ से?



**हाजी अरफात शेख के साथ एक मुलाकात। अयोध्या में बनने वाली 'मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद' किस तरह से होगी, हर एक चीज का किस तरह से खुलासा किया गया है।**

# पीड़ितों की सहायता में अग्रणी इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा बने गोविंद नगर के नए प्रभारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले यहां के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने गत दिवस यहां वकीलों से हुए विवाद में विक्रम सिंह को लाइन हाजिर किए जाने के बाद इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा को गोविंद नगर का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार इसके पहले भी अपराध नियंत्रण में सिथिलता और लापरवाही के चलते और भी कई थानेदारों को पुलिस लाइन का रास्ता दिखा चुके है। इसके पीछे उनकी मंशा चार्ज के मामले में केवल उन्हीं थानेदारों को महत्व देना है ,जो कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करते हुए अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करते हैं। विभागीय सूत्रों की नजर में जहां तक प्रभारी निरीक्षक गोविंद नगर के रूप में परोपकारी स्वभाव के बताए जाने वाले इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा की चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है। उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

# नगला खुर्द की प्रधान रेशमा पहुंची मुख्यमंत्री की शरण में

## मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि विपक्षी गण डबल इंजन की सरकार के विकास कार्य से खुश नहीं है

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**हरिद्वार।** ग्राम नगला खुर्द की ग्राम प्रधान रेशमा पहुंची मुख्यमंत्री की शरण में। उन्होने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपने विपक्षियो पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि में जनता के द्वारा चुनी हुई प्रतिनिधि हूं/ग्राम की प्रधान हूं । मेरे ग्राम वासियों ने मुझे अपने मताधिकार से मुझे अपना प्रतिनिधि चूना हैं। जिस से में अपने सभी ग्रामवासियों की आभारी हु। ओर मैं सभी ग्राम वासियों के विकास कार्यों के लिए कटिबंध हूं। जब से मैं ग्राम नगला खुर्द की प्रधान निर्वाचित हुई हूं उस दिन से ही मेरे विपक्षी गण मेरी जीत को और अपनी हार को पचा नहीं पा रहे हैं। मेरे विपक्षी गण आए दिन कोई ना कोई झूठा प्रोपेगेंडा मेरे खिलाफ चलाते रहते हैं। जिस दिन से मैं ग्राम प्रधान निर्वाचित हुई हूं उसी दिन से गांव का निरंतर विकास हो


रेशमा
ग्राम प्रधान
नगला खुर्द

कैम्प कार्यालय
नगला खुर्द
7895636291
8126414215

दिनांक 29/02/2024

सेवा में
श्रीमान माननीय मुख्यमंत्री जी
उत्तराखंड सरकार देहरादून
महोदय

ग्राम पंचायत नगला खुर्द, पो०ऑ० मरगूबपुर, वि०ख०-बहादराबाद, वि०स० ज्वालापुर, हरिद्वार

रहा है डबल इंजन की इस सरकार में जितने विकास कार्य हो रहे हैं शायद इतने विकास कार्य अन्य किसी और सरकार में नहीं हुए हैं । शायद यही वजह है मेरे विपक्षी गण डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों से खुश नहीं है। उन्होने पत्र में कहा है कि मेरे विपक्षी गण नहीं चाहते कि गांव का विकास हो इसीलिए यह लोग आए दिन कोई ना कोई झूठा प्रोपगंडा मेरे खिलाफ चलाते रहते हैं। विपक्षियों के द्वारा झूठे प्रोपगेंडा चलाने से गांव का विकास बाधित हो रहा है।आपको स आदर अवगत कराना है कि मेरे विपक्षियों ने मेरे स्कूल से संबंधित शैक्षिक प्रमाण पत्रों को लेकर आपत्ति दर्ज करा रखी है।जिसकी जांच जिलाधिकारी स्तर से लेकर मुख्य शिक्षा अधिकारी के द्वारा की गई है जांच में स्पष्ट है कि छात्रा ने 7 जुलाई 2005 में विद्यालय में प्रवेश किया तथा 20 मई 2008 में कक्षा 8 पास की हुई दर्ज पाई गई हैं। जांच में मेरे सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र सही है लेकिन मेरे विपक्षी गण अन्य कुछ सामाजिक संगठनों का सहारा लेकर मेरे ऊपर अनर्गल झूठे और निराधार आरोप लगा रहे हैं जिनका कोई आधार नहीं है। सूराज सेवा दल नामक एक सामाजिक संगठन है इसके प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी हैं मेरे विपक्षी गणों ने उनको भी झूठी बातें बता कर भ्रमित कर रखा है मेरे विपक्षी गण सुराज सेवा दल को भ्रमित करके मेरे ऊपर अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं और मुझे अपमानित कर रहे हैं। ग्राम प्रधान रेशमा ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मेरे विपक्षी गण सुराज सेवा दल का सहारा लेकर मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच कर रहे अधिकारियों पर अनेतिक दबाव डलवाकर मेरी जांच को प्रभावित कर रहे हैं। मैं एक जनता के द्वारा चुनी हुई प्रतिनिधि हूं जनता ने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है इस प्रकार किसी भी संगठन या किसी भी राजनीतिक व्यक्ति के दबाव में आकर मेरी जांच में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी व्यक्ति द्वारा अधिकारियों पर अनेतिक दबाव डलवा कर मेरी जांच को प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसा न हुआ तो ये न्याय हित में भी नही है।

# नैनी सैनी एयरपोर्ट पर अब उतारा जा सकेगा 42 सीटर हवाई जहाज

**देहरादून।** उत्तराखंड में हवाई सेवा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। केंद्र सरकार ने पिथौरागढ़ के नैनीसैनी में बने एयरोड्रोम में सार्वजनिक हवाई सेवा के लिए लाइसेंस उच्चीकृत कर दिया है। अब यह टू सी श्रेणी का एयरोड्रोम होगा। यानी यहां 42 सीटर हवाई जहाज उतारा जा सकेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लाइसेंस जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार प्रकट करते हुए कहा कि केंद्र के सहयोग से निरंतर



राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में हवाई सेवाएं सुध्ढ़ हो रही हैं। उत्तराखंड में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पिथौरागढ़ जिले में सरकार ने वर्ष 2018 में उड़ान योजना के तहत देहरादून-पिथौरागढ़ हवाई मार्ग पर हवाई सेवा शुरू की थी। पहले यहां केवल नौ सीटर हवाई जहाज को संचालित करने की अनुमति थी। इस आधार पर सरकार ने नौ सीटर हवाई जहाज का संचालन शुरू किया। यह सेवा देहरादून से पंतनगर और पिथौरागढ़ के बीच संचालित की गई। मार्च 2020 में इसे बंद कर दिया गया। कोरोना काल समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री धामी ने इस हवाई सेवा को शुरू करने के लिए केंद्र का दरवाजा खटखटाया था।

# लोकसभा चुनाव के लिय दीवार पेन्टिंग कर मतदाता जागरूकता स्लोगन, बूथ लेवल पर जागरूकता कार्यक्रम, विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता गतिविधि आयोजित की जा रही है

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** जनपद देहरादून में लोकसभा सामान निर्वाचन-2024 की तैयारियों एवं स्वीप के तहत विभिन्न स्थानों पर वोटर जागरूता अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में दीवार पेन्टिंग कर मतदाता जागरूकता स्लोगन, बूथ लेवल पर जागरूकता कार्यक्रम, विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता गतिविधि आयोजित की जा रही है।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन आज स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में विभिन्न गतिविधि आयोजित की गई खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कार्मिकों एवं खिलाड़ियों को मतदान की



शपथ दिलाई गई। जनपद के दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया गया। संयुक्त चिकित्सालय में मसूरी में कार्मिकों को मतदाता शपथ दिलवाई गई। सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्रों में आशा कार्यर्तियों को शपथ दिलाई गई। बाल विकास विभाग द्वारा विकासखण्ड सहसपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिला सूचना कार्यालय देहरादून में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत कार्यालय में आने वाले आगन्तुकों एवं कार्मिकों को मतदान के लिए जागरूकता किया जा रहा है तथा सभी कार्मिकों को अपने परिजनों एवं सम्बन्धीयों सहित आसपास निवास करने वाले लोगों को जागरूक करते हुए मतदान प्रतिशत बढाने पर जोर दिया गया। वहीं लोक गायक सौरव मैठाणी ने अपने संदेश के माध्यम से इस लोकसभा निर्वाचन-2024 में नागरिकों एवं नये वोटर्स से मतदान दिवस पर अधिक से अधिक भागीदारी करते हुए मतदान के लिए जागरूक किया।

# नफरत को प्यार से ही मिटाया जा सकता है- बाबा लाल शाह कादरी असरफी



**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**लंढौरा हरिद्वार।** सर्व धर्म सदभाव समिती के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा लालशाह कादरी अशरफी ने कहा है कि नफरत को प्यार से ही मिटाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से युवाओं में बढ़ती नशे की लत से दूर रहने की अपील की है। बाबा लालशाह कादरी अशरफी आज लंढौरा में कस्सार समाज के प्रदेश अध्यक्ष नसीम रहमान के आवास पर पत्रकारो से वार्ता कर रहें थे। बाबा अशरफी ताजनगरी आगरा से कलियर अपनी धार्मिक यात्रा पर आए हुए हैं। बाबा लालशाह कादरी अशरफी देश भर में हिन्दू मुस्लिम भाईचारे की एकता का संदेश देते रहते हैं। पहले भी बाबा लालशाह कादरी अशरफी अयोध्या से अजमेर तक जिसका नाम मंदिर से मजार तक पदयात्रा निकाल चुके हैं। समिती के उतराखंड प्रदेश अध्यक्ष अनीस कस्सार ने बाबा लाल शाह कादरी का स्वागत किया और उन्होने उतराखंड में सर्वधर्म सद्भाव समिती के बैनर तले शीघ्र ही एक बड़ा प्रोग्राम करने की बात कही कस्सार समाज के प्रदेश अध्यक्ष नसीम रहमान ने कहा की देश में कुछ असामाजिक तत्व देश में बद अमनी फैलाना चाहते ऐसे असमाजिक तत्वों के नफरती मनसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। बाबा लाल शाह कादरी ने मुल्क और मिल्लत। की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान अनीस कस्सार, अमन कस्सार, अनस कस्सार, सूफी शाकिर अली कादरी अशरफी, महमूद कादरी अशरफी, सैयद आबिद हुसैन, जावेद सलमानी, आफताब इदरीसी, वीके मल्होत्रा, रघुराज चौधरी, आदि लोग मौजूद रहें।

# भारतीय जनता पार्टी के जिला हरिद्वार के नवनियुक्त जिला संयोजक और सहसंयोजक का स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया



**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**लक्सर हरिद्वार।** लक्सर नगर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के जिला हरिद्वार के नवनियुक्त जिला संयोजक और सहसंयोजक का स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में नव नियुक्त पदाधिकारी को फूलमाला पहनकर उनका स्वागत किया गया इस अवसर पर मंडल प्रभारी धर्मेंद्र चौहान और मंडल अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि नवनियुक्त सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर भारतीय जनता पार्टी के रीति और नीति को जनता तक पहुंचाएंगे और केंद्र और राज्य की सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को बताएंगे इस अवसर पर लक्सर नगर पालिका अध्यक्ष अमरीश गर्ग ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम प्रदेश और जिला नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में लक्सर नगर मंडल में जिले के संयोजक और सहसंयोजक नियुक्त किए हैं सभी संयोजकों को भी बहुत-बहुत बधाई इस अवसर पर प्रदेश अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ऋषिपाल सिंह जिला मंत्री बिशनपाल, राजबीर कश्यप ने भी सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इन लोगों को प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है श्री आदित्य चौधरी सहसंयोजक विधि प्रकोष्ठ, श्री दिनेश्वर ठकराल जी सहसंयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ श्री ज्ञानचंद सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, श्री पवन दुबे सहसंयोजक संस्कृति प्रकोष्ठ, श्री दीपक गुप्ता सह संयोजक निकाय प्रकोष्ठ ,श्री रवि संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ, श्री सचिन मित्तल संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ ,श्री मनोज गोयल सह,संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ आदि।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# जोगेश्वरी पूर्व सेंट मैरी हाई स्कूल में छात्रों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन













**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई स्थित जोगेश्वरी पूर्व में मौजूद सेंट मैरी हाई स्कूल में छात्रों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में कई बच्चों ने हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में पहली कक्षा से लेकर नववी कक्षा तक के छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण सहित विज्ञान और भारतीय संस्कृति से जुड़े विषयों पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस प्रदर्शनी में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' 'सोर्स ऑफ वाटर' 'ट्रेडिशनल फूड' 'नो ड्रग्स' जैसे विषयों पर बनाए गए वस्तुओं और प्रदर्शनी के तरीके ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।





इस प्रदर्शनी में छात्रों के अभिभावकों ने बतौर दर्शक हिस्सा लिया और बच्चों द्वारा तैयार किए गए इन कलाकारी का लाभ उठाया। अभिभावों ने बताया की स्कूल द्वारा लिए गए इस फैसले का फायदा बच्चों के निजी जीवन में आने वाले समय में अवश्य होगा। इस तरह की एक्टिविटी से बच्चों के सोचने की क्षमता में वृद्धि होगी। इस प्रदर्शनी के जरिए देश को भविष्य में नए स्टार्टअप्स में भी मदद मिलेगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# तापसी पन्नू के हाथ लगी एक और फिल्म

**तापसी पन्नू** फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। तापसी की गिनती बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में होती हैं। उनके पास इस समय कई प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई हैं। वही अब खबर आ रही है कि तापसी ने एक यूनीक कॉन्सेप्ट वाली फिल्म साइन की है। खबरों के अनुसार तापसी पन्नू एक जो साइंस-फिक्शन फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में एलियन की कहानी होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म का निर्देशक भारत नीलकंठन करने वाले हैं। खबरों के मुताबिक नीलकंठन इस फिल्म की स्क्रिप्ट तापसी पन्नू को सुना चुके हैं। यह फिल्म अलग-अलग भाषाओं में रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में दिखाएंगे कि किस तरह एलियंस भारत जैसे देश में भी मौजूद हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में वीएफक्स का काफी इस्तेमाल किया जाएगा। फिल्म के बजट में से 10 करोड़ केवल इसके विजुअल इफेक्ट्स पर खर्च किया जाएगा।





# रश्मिका मंदाना ने जताया खेद

फैंस अपने पसंदीदा एक्टर्स से मिलने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। कई फैंस अपने फेवरेट कलाकार से मिलने हजारों किलोमीटर का सफर भी तय कर लेते हैं। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को अपने एक फैंस के बारे में पता चला जिसने उन्हें देखने के लिए 900 किमी की यात्रा की। रश्मिका मंदाना ने कहा कि उन्हें इस बात का खेद है कि वह अपने एक फैंस से नहीं मिल पाईं, जिसने अभिनेत्री से मिलने के लिए तेलंगाना से कर्नाटक के कोडागु जिले तक करीब 900 किमी का सफर तय किया। रश्मिका ने ट्वीट कर कहा, दोस्तो, मुझे अभी पता चला है कि आप लोगों में से कोई मुझसे मिलने के लिए इतना लंबा सफर तय करके आया। कृपया ऐसा कुछ भी नहीं करें। मुझे इस बात का बहुत खेद है कि मैं आपसे नहीं मिल सकी। मैं आशा करती हूं कि एक दिन आपसे जरूर मिलूंगी। लेकिन फिलहाल मुझे अपना प्यार यहां ट्विटर पर दें। मुझे बहुत खुशी होगी। रश्मिका उस समय मुंबई में शूटिंग कर रही थी, जब आकाश त्रिपाठी नामक उनका एक प्रशंसक गूगल का उपयोग करते हुए उनसे मिलने के लिए कर्नाटक के कोडागु जिले जा पहुंचा। हालांकि, आकाश अभिनेत्री के घर नहीं पहुंच सका। पूरे रास्ते भर आकाश लोगों से अभिनेत्री के घर का पता पूछता रहा। लोगों को संदेह हुआ और किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। आकाश को पता चला कि वह अभिनेत्री से नहीं मिल सकता, क्योंकि वह मुंबई में फिल्म की शूटिंग कर रही हैं।



# कृति ने फैंस को कहा धन्यवाद

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कृति सेनन की सोशल मीडिया पर जबदस्त फैन फॉलोइंग है। वह इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। वही अब कृति सेनन के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या करोड़ हो गई है। इस उपलब्धि के लिए कृति सेनन ने अपने फैंस को धन्यवाद दिया जो जिंदगी के उतार-चढ़ाव में उनके समर्थन में खड़े रहे। कृति ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा कर बताया कि कैसे वह सोशल मीडिया का इस्तेमाल बेहतरी के लिए करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, समर्थन के लिए, मेरे अच्छे और बुरे समय में प्यार बरसाने के लिए आप सभी को धन्यवाद। आज जब मैं, चार करोड़ के आंकड़ों को देख रही हूं तो एहसास हो रहा है कि यह बहुत बड़ी ताकत है। वीडियो क्लिप में कृति सेनन ने कहा, मुझे मालूम है, कई बार मैं महसूस करती हूं कि कैसे मैं समाज में बदलाव ला सकती हूं लेकिन हम चार करोड़ लोग मिलकर निश्चित तौर पर ऐसा कर सकते हैं।